समाचार

राशन कार्ड बनवाने हेतु शिविरों में आवेदन जमा करने महापौर ने की अपील

(आयुक्त ने कर्मचारियों की तैनाती कर शिविर संचालन के दिए थे निर्देश, वार्डो में लगाए जा रहे हैं शिविर)

(राशन कार्ड से छूटे हुए व्यक्ति निर्धारित प्रारूप में जमा कर सकते हैं आवेदन)

कोरबा 25 फरवरी 2022 – नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत छूटे हुए व्यक्तियों का राशन कार्ड बनाए जाने हेतु वार्डो में शिविर लगाए जा रहे हैं। महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने राशन कार्ड से छूटे हुए व्यक्तियों से अपील करते हुए कहा है कि वे राशन कार्ड बनवाने हेतु अपने आवेदन अपने वार्ड शिविर में जमा कराएं। आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय ने शिविरों के आयोजन हेतु अधिकारी कर्मचारियों की तैनाती करते हुए निर्धारित तिथियों में नियत स्थलों में शिविर लगाने के निर्देश दिए हैं। इन शिविरों में पात्र हितग्राहियों से अत्योदय, निराश्रित, प्राथमिकता, निःशक्तजन, ए.पी.एल. आदि के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र, सहघोषणा एवं औपचारिकता पूर्ण कर आवेदन जमा किए जा सकेंगे।

शिविरों हेतु निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 24 एवं 25 फरवरी को वार्ड क. 01, 02, 03, 04, 05, 06, 07, 08, 09, 10, 11, 12, 13, 14, 15, 16 आदि वार्डो में शिविर आयोजित किए गए हैं तथा इसकी सूचना मुनादी के माध्यम से आमनागरिकों को देते हुए छूटे हुए व्यक्तियों से राशन कार्ड बनाने हेतु आवेदन जमा कराए गए हैं। शिविरों के आयोजन हेतु निर्धारित आगामी कार्यक्रम के अनुसार **28 फरवरी को** वार्ड क. 17 पथर्रीपारा, वार्ड क. 18 गणेश पण्डाल पथर्रीपारा, वार्ड क. 19 आरामशीन गणेश पण्डाल, वार्ड क. 20 कांशीनगर नवधा पण्डाल, वार्ड क. 21 गणेश पण्डाल बुधवारी, वार्ड क. 22 शिवाजीनगर दुर्गा पण्डाल, वार्ड क. 28 राजेन्द्र प्रसाद नगर दुर्गा पण्डाल फेस–1, वार्ड क. 29 प्राथमिक शाला पोड़ीबहार, वार्ड क. 31 सामुदायिक भवन नीम चौक खरमोरा, वार्ड क. 32 संस्कार भारती स्कूल के सामने मंच, वार्ड क. 33 रामपुर सामुदायिक भवन नीम झाड के पास शिविर आयोजित होगी। इसी प्रकार **02 मार्च को** वार्ड क. 23 जोन कार्यालय पं. रविशंकर शुक्ल जोन, वार्ड क. 24 दुर्गा पण्डाल एम.पी.नगर, वार्ड क. 25 बुधवारी पम्प हाउस कार्यालय नेहरूनगर, वार्ड क. 26 गणेश पण्डाल मुड़ापार, वार्ड क. 27 गणेश पण्डाल रामनगर, वार्ड क. 30 ठाकुरदीहा चौक मानिकपुर में शिविर लगाए जाएंगे। **03 मार्च को** वार्ड क. 34 अमरसिंह होटल के पास, वार्ड क. 35 हाउसिंग बोर्ड सामुदायिक भवन, वार्ड क. 36 सामुदायिक भवन इंदिरा मार्केट, वार्ड क. 37 डुग्गूपारा सामुदायिक मंच, वार्ड क. 38 जोन कार्यालय बालको, वार्ड क. 39 कैलाशनगर सार्वजनिक मंच, वार्ड क. 40

परसाभांठा दुर्गा पण्डाल पार्षद घर के पास, वार्ड क्र. 41 कांजीहाउस परसाभांठा, वार्ड क्र. 42 शिवनगर सामुदायिक भवन में शिविर लगेंगे। **04 मार्च को** वार्ड क्र. 43 कलमीडुग्गू सामदुायिक भवन, वार्ड क्र. 44 हसदेव विद्युतगृह स्कूल के पास, वार्ड क्र. 45 स्याहीमुड़ी सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 46 अयोध्यापुरी मानस चौक, वार्ड क्र. 47 जमनीपाली सार्वजनिक मंच, वार्ड क्र. 48 इंदिरा नगर सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 49 सामुदायिक मंच एन.टी.पी.सी., वार्ड क्र. 50 सामुदायिक मंच एन.टी.पी.सी., वार्ड क्र. 51 दर्री जोन कार्यालय, वार्ड क्र. 52 नगोईखार सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 53 दर्रीखार क्रमांक–02 कोटवार घर के पास, वार्ड क्र. 55 बलगीखार कांजीघर के पास सामुदायिक भवन में शिविर लगाए जाएंगे। **07 मार्च को** वार्ड क्र. 54 सर्वमंगला नगर दशहरा मैदान, वार्ड क्र. 56 पंखादफाई सार्वजनिक मंच, वार्ड क्र. 57 आनंदनगर सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 58 मेन रोड मंच इमलीछापर, वार्ड क्र. 59 वैशालीनगर सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 60 गेवरा बस्ती मंगल भवन, वार्ड क्र. 61 चुनचुनी कालोनी सार्वजनिक मंच, वार्ड क्र. 62 धरमपुर सामुदायिक भवन में शिविर लगेंगे। इसी प्रकार **08 मार्च को** वार्ड क्र. 63 बांकी बस्ती सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 64 घुड़देवा मद्रासी होटल के पास, वार्ड क्र. 65 बांकीमोंगरा सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 66 शांतिनगर सामुदायिक भवन एवं वार्ड क्र. 67 गजरा चौक सार्वजनिक मंच में शिविर आयोजित होंगे।